तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 3 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 दीपावली पर दिखा परंपरा व उत्साह का संगम...





12 गोवर्धन पूजा कर गायों को खिलाई खिचड़ी




## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बेमेतरा/नवागढ़।** नवागढ़ थाना के ग्राम बाघुल में 21 वर्षीय गंगाराम पिता रामकुमार ध्रुव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गंगाराम दिनभर नशाखोरी के आगोश में रहता था, जिससे उसका मानसिक संतुलन भी सही नहीं था। नवागढ़ पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है और घटना से संबंधित सभी पहलुओं की पूछताछ की जा रही है।

### बाबा रामदेव मंदिर में महा आरती आज



**बालोद।** गंजपारा स्थित श्री बाबा रामदेव मंदिर में 3 नवंबर को कार्तिक सुदी दूज चन्द्रदर्शन के अवसर पर दोपहर 12 बजे श्री बाबा जी को अन्नकूट प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। संध्या 7:30 महाआरती की जाएगी। श्री रामदेव बाबा धर्मार्थ सेवा समिति बालोद, श्री रामदेव बाबा महिला मंडल बालोद ने सभी धर्मप्रेमी बन्धु, भक्त, सहपरिवार अन्नकूट प्रसाद एवं महाआरती में सम्मिलित होने की अपील की है।

### कलंगपुर में भाईदूज व मातर पर आज होंगे विविध कार्यक्रम

**बालोद/कलंगपुर।** दीपावली के अवसर पर 3 नवंबर को ग्राम कलंगपुर में भाईदूज व मातर उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जायेगा। यहां प्रति वर्ष मातर उत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन रहता है। हरिश कुमार कुल्हारे एवं ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कुशल राम साहू ने बताया कि ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में शाम को गौठान पर विभिन्न आतिशबाजी की जाएगी। साथ ही मातर उत्सव के उपलक्ष्य में गांव के सभी कर्मचारियों के सहयोग से रात्रि में लोक रंजनी संस्था सोंड़ का कार्यक्रम रखा गया है।

### भेजामैदानी में दीपावली महोत्सव आज

**गुरूर।** ग्राम भेजामैदानी में ग्राम विकास समिति द्वारा 3 नवंबर को दीपावली महोत्सव का आयोजन किया गया है। रात्रि में कारी बदरिया का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा भोजराज नाग होंगे, रेणुका गजेन्द्र करेंगी। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा राकेश यादव, समिति भेजा मैदानी पंचू राम साहू उपस्थित रहेंगे।

### पेंशनर समाज की बैठक 6 को

**देवरी बंगला।** आगामी 6 नवंबर को सामुदायिक भवन मारी बंगला में पेंशनर समाज तहसील शाखा मारी बंगला (देवरी) की बैठक रखी गई है। पेंशनर समाज के सचिव शांता प्रसाद मोहन माला ने जीवित प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए पेंशनर साथियों को एक पासपोर्ट साइज फोटो, पीपीओ, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति सहित दस्तावेजों के साथ बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है।

### ग्राम तिरगा में मातर महोत्सव आज

**अंडा।** दीपावली के पावन अवसर पर ग्राम तिरगा में 3 नवंबर को मातर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सरपंच घसिया राम देशमुख ने बताया कि इस अवसर पर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से छत्तीसगढ़ी लोककला सांस्कृतिक संस्थान धरती के श्रृंगार ग्राम भोथीपार कला जिला राजनांदगांव का आयोजन किया जा रहा है।

### जिला मुख्यालय के पास ग्राम सावंतपुर में दीपावली की रात हुई भीषण दुर्घटना

# दो मोटर साइकिल में भिड़ंत, चाचा-भतीजा सहित तीन की मौत, दो की स्थिति गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के ग्राम डडजरा के निषाद परिवार में चाचा-भतीजे की मौत से दीपावली त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं। वहीं, ग्राम निनवा निवासी मनीष के घर भी भरी दीपावली में अंधेरा छा गया। मिली जानकारी के अनुसार दीपावली के दौरान हुई भीषण सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। 31 अक्टूबर को जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम सावंतपुर में गुरुवार दीपावली उत्सव के दिन, दो बाइक आपस में एक दूसरे टकराने से उक्त हादसा हुआ।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर तकरीबन 2 बजे बेमेतरा से दुर्ग मार्ग पर ग्राम निनवा, भेड़नी के मध्य सांवतपुर के पास आमने-सामने दो मोटरसाइकिलों में जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि घटनास्थल पर ही ग्राम सावंतपुर से लगे ग्राम डडजरा निवासी अवध राम निषाद उम्र 32 साल और मुकुंद निषाद उम्र 40 साल की मौत हो गई। दोनों रिश्ते में चाचा भतीजे थे। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार देवरबीजा से लौट रहा ग्राम नीनवा निवासी मनीष वर्मा घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल बेमेतरा ले जाया जा रहा था, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं दो अन्य युवक दीपक वर्मा एवं मनोज वर्मा के पैर एवं सिर में गंभीर चोट होने पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मैकाहारा रायपुर रिफर किया गया। उनकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है।







### मातम में बदली त्योहार की खुशियां

ग्राम डडजरा ओर नीनवा कुछ ही दूरी पर स्थित हैं। ग्रामीण दीपावली पर्व की खुशी में डूबे हुए थे लेकिन उन्हें क्या पता कि सड़क हादसे में गांव के युवकों की मौत की खबर आ जाएगी। घटना के बाद दोनों गांव में मातम पसर गया। गमगीन माहौल में परिवारजनों ओर गांव वालों ने अंतिम संस्कार की प्रक्रिया निभाई।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

बेमेतरा जिला अस्पताल पुलिस सहायता केंद्र के प्रभारी एएसआई आनंदीलाल सिन्हा ने बताया कि मृतक चाचा-भतीजे अवध राम निषाद एवं मुकुंद निषाद बेमेतरा से दीपावली त्यौहार पर कपड़े एवं अन्य सामग्री खरीदी कर वापस अपने गांव डडजरा आ रहे थे। वहीं, ग्राम देवरा वीजा से अपने गांव नीनवा लौट रहे मनीष वर्मा, दीपक वर्मा एवं मनोज वर्मा एक मोटरसाइकिल पर सवार थे। दोनों के वाहन के आपस में टकराने से दुर्घटना ग्रस्त हुए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों मोटरसाइकिल की रफ्तार इतनी तेज थी कि वाहन के टकराने के तत्काल बाद घटनास्थल पर ही तीन लोगों की मौत हो चुकी थी। पुलिस मामले में अपराध कायम कर जांच कर रही है।

### बैठक में जा रहे साजा थाना प्रभारी ने पहुंचवाया अस्पताल

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों मोटरसाइकिलों के आपस में टकराने के कुछ देर बाद साजा थाना प्रभारी मीटिंग में शामिल होने के लिए साजा से बेमेतरा जा रहे साजा टीआई चंद्रदेव वर्मा ने मौके पर रुक कर तत्काल घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल रवाना किया। साजा टी आई चंद्रदेव वर्मा ने बताया कि मोटरसाइकिल के आमने-सामने टकराने से दो लोगों की मौत घटनास्थल पर हो गई थी। वहीं, तीन अन्य गंभीर रूप से घायल थे, जिन्हें उपचार के लिए बेमेतरा जिला अस्पताल भेजा गया। बेमेतरा थाने से मिली जानकारी के अनुसार बखत राम निषाद ग्राम डडजरा ने बेमेतरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अवध निषाद एवं मुकेश निषाद 40 वर्ष सीजी 07 बी एस 8927 वाहन में दुर्ग की ओर जा रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 25 डी 3794 पर मनीष वर्मा एवं दीपक वर्मा सवार थे। दोनों के वाहन के टकराने से मनीष वर्मा की भी मौत हो गई, जबकि दीपक वर्मा एवं मनोज वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पैर और सिर में गंभीर चोटे आई है।

# 60 स्थानों पर छापा, जुआ खेलते 200 पकड़ाए 3 लाख रुपए जब्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दीपावली पर जुआ खेलने वालों की संख्या काफी बढ़ जाती है। इसे देखते हुए बेमेतरा पुलिस त्योहार पर काफी सक्रिय रही। त्योहार के दौरान जुआ 60 मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 200 जुआरियों पर कार्रवाई की। वहीं, इन लोगों से तीन लाख रूपये से ज्यादा की नकदी जब्त की गई। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

जिले में पुलिस प्रशासन ने दिवाली त्योहार को देखते हुए जुआ खेलने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसे देखते हुए थाना बेमेतरा, नवागढ़, नांदघाट, बेरला, साजा, परपोड़ी एवं खण्डसरा, देवरबीजा, संबलपुर, मारो, देवकर, कंडरका के क्षेत्र में पुलिस सक्रिय रही। इस बीच इन क्षेत्रों के देवरबीजा, पिपरपारा खण्डसरा, अतरिया लालभाठा, ओटेबंध गौठान के पास, गुधेली गौठान, बोरसी नवा तलाब, बांसा, अमोरा गौठान, रंगमंच संबलपुर, तिलकापारा नवागढ, मोहतरा, रूसे, राखी जोबा तलाब जाने का रास्ता, नवकेशा नाला जाने वाले मार्ग सहित डेहरी, नहर पार रोड ग्राम ढाप, टेमरी पंचायत भवन के पास आम जगह में जुआ चलने की सूचना मिली। सूचना पर थाना बेमेतरा, नवागढ़, नांदघाट, बेरला, साजा, परपोड़ी एवं खण्डसरा, देवरबीजा, संबलपुर, मारो, देवकर, कंडरका की पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की। छापे के दौरान पुलिस को आता देख कुछ लोग भाग निकले, जबकि कुछ जुआरी पुलिस के हाथ लगे। इस तरह दीपावली के तीन दिनों में पुलिस ने 60 प्रकरणों में 200 जुआरियों के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की है। वहीं, उनसे तीन लाख से ज्यादा की नकदी जब्त की गई।

■ दीपावली त्योहार पर जुआ रोकने सक्रिय रही जिले की पुलिस

## राज्य स्थापना दिवस...



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर रणबीर शर्मा सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में दीप प्रज्जवलित कर राज्य के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कलेक्टर ने सभी को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी और जिलेवासियों से भी अपने घरों में दीप प्रज्जवलित करने की अपील की। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल, एसडीएम घनश्याम तंवर, मुख्य कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण निहाल सिंह, पीएमजीएसवाई के एसके साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में लगभग 500 दीप प्रज्ज्वलित किए गए, जिससे परिसर में उत्सव का माहौल बना रहा।

### वृद्धजनों के संग खुशियां बांटने पहुंचे कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक

**बेमेतरा।** दीपावली पर कलेक्टर रणवीर शर्मा ने जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम कंतेली कसार के वृद्धा आश्रम का दौरा किया। उनके साथ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह भी उपस्थित रहीं। सभी अधिकारियों ने वृद्धजनों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना और उन्हें दीपावली की बधाई दी। कलेक्टर शर्मा अपने साथ फल और मिष्ठान लेकर आए, जिससे उन्होंने ▶▶ शेष पेज 10 पर



### तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**बेमेतरा/नवागढ़।** नवागढ़ थाना क्षेत्र के शिवनी में 31 अक्टूबर को स्थानीय तालाब में नहाने के दौरान एक सात साल के बच्चे की डूबने से मौत का मामला सामने आया है। बाघुल में अपने चाचा के यहां निवास कर रहे 7 वर्षीय सचिन बंजारे प्रतिदिन की तरह स्थानीय तालाब में नहाने गया था। इसी बीच गहरे पानी में जाने से डूबकर हादसे का शिकार हो गया। इसकी सूचना नवागढ़ पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पहुंची और बॉडी को तालाब से बाहर निकाला। घटना प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने जांच-तफ्तीश शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि मृतक सचिन बंजारे के माता-पिता का कुछ वर्ष पूर्व परिवारिक विवाद में उनके रिश्तेदार ने मौत के घाट उतार दिया था, जिसके बाद उनका पालन-पोषण शिवनी स्थित उनके मौसा-मौसी के घर में हो रहा था। इसी बीच यह दुखद घटना घट गई, जो पर्व के दौरान परिवार के बीच मातम का माहौल ला दिया। नवागढ़ थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर डीएस चन्द्रवंशी ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर पंचनामा बना लिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद बच्चे की शव को परिजनों को सौंप दिया गया है, जिसका अंतिम संस्कार किया गया है।

# जिला मुख्यालय में राज्योत्सव 5 को, स्कूली बच्चे देंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में 5 नवम्बर को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की विभागीय प्रदर्शनी में उपलब्धियों, महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल ने बैठक लेक समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में स्टॉलों की एक रूपता हो इसके लिए सामने पीछे बैनर भी ग्रुप में डिजाइन शेयर किया गया है। संबंधित अधिकारी अपने हिसाब से बनाएं।

■ तैयारियों को लेकर जिपं सीईओ अग्रवाल ने ली बैठक, दिए दिशानिर्देश



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अधिकारी राज्योत्सव टेकचंद्र अग्रवाल और अतिरिक्त कलेक्टर एवं राज्योत्सव सहायक नोडल अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने जिला पंचायत में आयोजित बैठक में राज्योत्सव आयोजन को लेकर सभी तैयारियाँ गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समिति भी गठित कर दी गयी है। बैठक में एसडीएम एवं सहायक नोडल अधिकारी घनश्याम तंवर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम बेसिक मैदान में पूरी गरिमामयी तरीके से आयोजित किया जाएगा। बैठक सीईओ श्री अग्रवाल ने राज्योत्सव पर आयोजित समारोह की मंच व्यवस्था, प्रदर्शनी स्टाल, फ़ूड स्टाल, बैठक व्यवस्था कहाँ और किस प्रकार रहेगी समीक्षा की। वाहन पार्किंग, नागरिकों, अतिथियों के प्रवेश आदि की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राज्योत्सव के आमंत्रण पत्र का शासन के निर्देशानुसार वितरण सुनिश्चित किया जाए। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर स्थानीय कलाकारों, स्कूली बच्चों द्वारा 5 नवम्बर को एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### निषाद समाज में आज भी प्रचलित है पुरानी परंपरा

# मछली पकड़ने का जाल ओढ़ाकर की सुख-समृद्धि की कामना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लक्ष्मी पूजन के दिन निषाद समाज की एक विशिष्ट परंपरा की झलक देखने को मिलती है। समाज के लोगों ने अपनी इसी अलग और विशिष्ट परंपरा के अनुसार दीपावली का त्योहार ग्रामवासियों के साथ मिलकर मनाया।

लक्ष्मी पूजन के दिन निषाद समाज के लोग अपने मछली पकड़ने के जाल को लेकर सभी के घर-घर बारी-बारी से पहुंचे। वहां बच्चों एवं वृद्धजनों सभी को उस जाल से ढककर उनके घर में सुख- शांति एवं समृद्धि की कामना की। निषाद लोगों की इस जाली को छत्तीसगढ़ में सौंखी कहा जाता है। इस अवसर पर लोग भी बड़े ही सम्मान के साथ सौंखी ओढ़ कर आशीर्वाद लेते हैं।

इस संबंध में गांव के शिक्षक नुतेश्वर चंद्राकर ने बताया कि ग्राम अमचो एवं आसपास के क्षेत्रों में धनतेरस के दिन से ही लोगों में दीपावली का उत्साह देखते ही बनता है। लोग अपने-अपने खेत खलिहान में दिया जलाते हैं। नरक चतुर्दशी के दिन रात में अपने घर के मुख्य प्रवेश द्वार पर मिट्टी से बनाकर चौदह दीए जलाते हैं। दीपावली के दिन घर-घर जाकर दीपदान किया जाता है।

चंद्राकर ने आगे बताया कि गोवर्धन पूजा के दिन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से यादव समाज के भाई लोगों द्वारा मैदान पर गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर उसकी पूजा अर्चना की जाती है।

फिर गायों द्वारा गोवर्धन खुदाया जाता है। उसके बाद उसी गोबर से एक-दूसरे का तिलक किया जाता है। इस दौरान बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं, वहीं अपने से छोटों को शुभाशीष देते हैं। इस अवसर पर बच्चे एवं युवा पटाख़े जलाकर प्रसन्नता व्यक्त करते हैं।

■ अंचल में पारंपरिक रूप में धूमधाम से मनाया गया दीपावली का त्योहार

### महिला ने लगाई फांसी, मौत

**बेमेतरा/देवकर।** ग्राम डंगनिया में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिजनों मातम छा गया। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। पुलिस चौकी देवकर अंतर्गत ग्राम डंगनिया-ख में पर्व के दौरान शुक्रवार को 32 वर्षीय सियाबति पति मनोज निषाद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। देवकर पुलिस ने सुबह पंचनामा के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि महिला परिवार के साथ रात में रोजाना की तरह खाना खाकर सो गई। अगले दिन सुबह घर के कमरे में फांसी के फंदे में लाश देखी गई। इस घटना से डंगनिया में निषाद परिवार के लिए खुशियों का पर्व मातम में तब्दील हो गया।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# छठ पूजा से पहले महादेवघाट की सफाई, मंदिर की तरफ का घाट हुआ स्वच्छ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

5 नवंबर से शुरू होने वाले छठ पूजा महापर्व से पूर्व राजधानी के ऐतिहासिक महादेवघाट को स्वच्छ रखने नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने सफाई अभियान चलाया है। सप्ताहभर पूर्व जोन 8 कमिश्नरी के माध्यम से गैंग लगाकर पहले मंदिर के तरफ वाले घाट की सफाई कर भारी मात्रा में गंदगी बाहर निकाली गई। इसके बाद पुल के नीचे वाले हिस्से में जलीय वनस्पति सहित अन्य तरह के कचरे को बाहर निकालकर घाट की स्वच्छता कायम की गई। इसके सथ ही विसर्जन कुंड के आसपास जमा लकड़ियों के ढांचे की नीलामी कर अनुबंधित ठेकेदार से आसपास के इलाके को साफ कराने का काम पूरा हो गया है। दरअसल सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा से पहले राजधानी के महादेवघाट की सफाई के लिए निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जोन 8 कमिश्नरी ने सप्ताहभर से स्वच्छता अभियान चलाया है। इसकी शुरुआत मंदिर के तरफ वाले घाट किनारे की सफाई कर की गई। सफाई के दौरान बड़ी मात्रा में जमा हुआ कचरा निकाला गया। जिस जगह पर नौकाएं खड़ी की जाती थीं, वहां भी सफाई के लिए कर्मचारी लगाए गए। साथ ही पुल के नीचे वाले हिस्से में जमा जलीय वनस्पति , पूजन सामग्री, कचरों के ढेर को गोताखोरों और जोन गैंग तथा सेंट्रल गैंग के सफाई कर्मचारियों ने बाहर निकालकर सफाई की।

### छठ पूजा महापर्व आयोजन समिति कराएगी घाट की रंगाई पुताई




**खास बातें**
- डंपर, जेसीबी, पोकलेन लगाकर कचरे का परिवहन
- नगर निगम जोन 8 गैंग और सेंट्रल गैंग का सहयोग

### 2 नवंबर से छठ पूजा महापर्व समिति कराएगी घाट की रंगाई पुताई

छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट रायपुर 2 नवंबर से महादेवघाट को छठ पूजा के लिए तैयार करने का कार्य शुरू कर देगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि समिति के पदाधिकारी मिलकर इस दिन सुबह से ही घाट की सफाई, धुलाई के साथ ही सुंदर पुताई का कार्य कराते हुए घाट को छठी मइया की पूजा अर्चना के लिए तैयार करेंगे। यहां हर साल की तरह इस साल भी बड़ी संख्या में व्रती छठ महापर्व को उत्साह के साथ मनाने परिवार के साथ पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि 5 नवंबर को नहाय खाय के साथ छठ महापर्व प्रारंभ होगा।

## खबर संक्षेप



### उप राष्ट्रपति धनखड़ को उप मुख्यमंत्री साव ने राज्योत्सव के समापन का दिया आमंत्रण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने अपने एक दिवसीय नई दिल्ली प्रवास के दौरान देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भेंट की। उन्होंने राज्य शासन की ओर से उप राष्ट्रपति को राज्योत्सव के समापन एवं राज्य अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। नया रायपुर, अटल नगर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव का समापन एवं राज्य अलंकरण समारोह 6 नवम्बर को होगा। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा आगामी 4 नवम्बर से 6 नवम्बर तक नया रायपुर, अटल नगर में तीन दिवसीय भव्य राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं पर आधारित विकास प्रदर्शनी लगाई जाएगी। तीनों दिन शाम को सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे।

### मराठा युवा समाज ने धूमधाम से मनाया धनत्रयोदशी



**रायपुर।** मराठा युवा समाज के सदस्यों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के सामने दीप जलाकर धनत्रयोदशी को धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों के साथ-साथ महिलाओं और युवक-युवतियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही धन त्रयोदशी के पावन अवसर पर 'एक दीया दैवत' के नाम का आयोजन किया गया, जिसमें मराठा समाज के सदस्यों से आव्हान करने पर परिवार के एक सदस्य के नाम से एक घृत दीया लाकर छत्रपति शिवाजी महाराज को अर्पित किया। इस मौके पर मराठा युवा समाज अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताता कि, मराठा युवा समाज ने अपने दैवत छत्रपति शिवाजी महाराज के सामने दीप जलाकर संस्कार व संस्कृति से नई पीढ़ी को जोडने का प्रयास किया है। इस कार्यक्रम में महेंद्र घाटगे, उषा पवार, मनीष भोंसले, नीरज इंग्ले, राहुल डुकरे, सौरभ बाकरे, शिशिर सुरोषे, संजू राव, सुमीत ढिगे, अभिजीत जाचक आदि शामिल थे।

### एफआईआर की मांग को लेकर सर्व ब्राहमण समाज ने राज्यपाल को दिया ज्ञापन

**रायपुर।** कलेक्ट्रेट राजस्व शाखा में पदस्थ क्लर्क प्रदीप उपाध्याय के आत्महत्या मामले में प्राप्त सुसाइडल नोट में अंकित मौत के लिए जिम्मेदार एडीएम स्तर के तीन अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर की मांग को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज ने राजभवन में बुधवार को कंट्रोलर से मिलकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया। इस मौके पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि, अधिकारियों ने 'ब्राह्मण को भगाओ' जैसे जाति सूचक असंवैधानिक भाषा का प्रयोग कर प्रताड़ित किया है। उपाध्याय द्वारा कलेक्टर को तीन बार की गई शिकायत को अनदेखा किया गया। झूठी शिकायत कर उपाध्याय का ट्रांसफर खरोरा कर दिया गया।

# काचीगुडा-दरभंगा के बीच दो फेरे की दीपावली और छठ पूजा विशेष ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- तीन और दस नवंबर काचीगुडा, 5, 12 नवंबर को दरभंगा से चलेगी

दीपावली और छठ पूजा पर ट्रेनों में होने वाली भीड़ के बीच यात्रियों को कन्फर्म सीट दिलाने विशेष ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन तीन और दस नवंबर को काचीगुडा और 5 तथा 12 नवंबर को दरभंगा से संचालित होगी। दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर संचालित होने वाली इस ट्रेन में 22 कोच होंगे।

त्योहार पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत संचालित होने वाली काचीगुडा-दरभंगा के बीच संचालित होने वाली ट्रेन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया स्टेशन में 9.10 बजे, दुर्ग 11.55 बजे, बिलासपुर 2.30 बजे, रायगढ़ 4.25 बजे तथा तीसरे दिन 1.40 बजे दरभंगा पहुंचेगी। इसी तरह 5 एवं 12 नवंबर को वापसी के दौरान यह गाड़ी दरभंगा से 15.15 बजे रवाना होकर दूसरे दिन तीन बजे रायगढ़, बिलासपुर में 5 बजे, दुर्ग 7.48 बजे, गोंदिया 10.20 बजे स्टापेज लेगी। इस ट्रेन में 1 जनरेटर कार, 1 एसएलआरडी, 4 सामान्य, 8 शयनयान, 5 एसीथ्री, 2 एसीटू, 1 एसी फस्ट सहित 22 कोच की सुविधा रहेगी। इसी तरह पूणे और सांतरागाछी के बीच 30 अक्टूबर के बीच चलने वाली एक फेरे की पूजा स्पेशल ट्रेन गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाले गोंदिया स्टेशन में 2.5 बजे दुर्ग 4.10 बजे, रायपुर 4.50 बजे, बिलासपुर 6.55 बजे, रायगढ़ 9.5 बजे तथा तीसरे दिन 7.30 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी।

### अमलीडीह की सफाई व्यवस्था का जायजा

**रायपुर ।** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम के जोन 10 के डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड की सफाई व्यवस्था का क्षेत्रीय विधायक मोतीलाल साहू ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान श्री साहू ने वार्ड की दुकानों के सामने नाली के ऊपर बनाए गए कवर को हटाकर सफाई कराने के निर्देश जोन के अधिकारियों को दिए। अमलीडीह तालाब में गंदगी देखकर तालाब की सफाई तुरंत कराने जोन 10 कमिश्नर राकेश शर्मा को दिशा निर्देश दिए। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू अपने क्षेत्र में लोगों के बीच जाकर वार्डवासियों से सफाई, पानी और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने अलग-अलग वार्डों में भ्रमण कर रहे हैं।

# कलेक्टोरेट के कर्मचारी सुसाइडल प्रकरण में गरमाई सियासत, बैज ने कलेक्टर को हटाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- राज्य में अलग-अलग समाजों को प्रताड़ित किया जा रहा : भूपेश

कलेक्टर कार्यालय के राजस्व विभाग में पदस्थ क्लर्क प्रदीप उपाध्याय आत्महत्या मामले में सियासत गरमा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, राज्य में अलग-अलग समाजों को प्रताड़ित किया जा रहा है। पहले सतनामी, आदिवासी फिर साहू और अब ब्राह्मण समाज को प्रताड़ति किया जा रहा है।

श्री बघेल ने प्रदीप उपाध्याय के सुसाइड नोट का संदर्भ देते हुए कहा, लगातार कई जिलों में कस्टोडियल डेथ हो रही है। सरकार को निकम्मी बताते हुए कहा, उन्हें पद में बने रहने का कोई हक नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी मामले में रायपुर कलेक्टर को हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा, प्रदीप उपाध्याय को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर को भी जानकारी दी थी। कलेक्टर ने फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा, जो कलेक्टर अपने कर्मचारी को न्याय नहीं दे सकता, वो आम लोगों को क्या न्याय देगा?

### मृतक के आश्रित को तत्काल दें अनुकंपा नियुक्ति

तहसील कार्यालय रायपुर में पदस्थ कर्मचारी लिपिक प्रदीप उपाध्याय के लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में कलेक्टोरेट परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में कर्मचारी नेता चंद्रशेखर तिवारी, उमेश मुदलियार, पंकज पांडेय, रामचंद तांडी ने दिवंगत कर्मचारी को श्रद्धासुमन अर्पित किया। फेडरेशन ने मृतक के आश्रित को तृतीय श्रेणी के पद पर शीघ्र अनुकंपा नियुक्ति देने एवं आश्रित के परिवार को मानवीय आधार पर 50 लाख रुपए का विशेष अनुदान स्वीकृत करने की मांग रखी।

### एसपी से उच्च स्तरीय जांच की मांग

फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष सिंह से भेंटकर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उच्चस्तरीय जांच कमेटी बनाने की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने आत्महत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कही। फेडरेशन सदैव अपने कर्मचारियों के हित संरक्षण के लिए और किसी भी कर्मचारी की प्रताड़ना का विरोध करने के लिए एकजुट होकर साथ खड़ा रहेगा।

### तहसील कर्मचारी की मौत पर कांग्रेस ने पुरानी बस्ती थाने का किया घेराव



पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व कथित तौर पर प्रताड़ना से तंग आकर तहसील कार्यालय के एक लिपिक प्रदीप उपाध्याय ने फांसी लगाकर खुदकुशी करने के मामले को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को थाने का घेराव किया। थाने का घेराव पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में किया गया। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है। कार्रवाई नहीं होने पर थाना के सामने नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। प्रदीप उपाध्याय ने जिन अफसरों के खिलाफ प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं, उन अफसरों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग करते हुए विकास उपाध्याय तथा कांग्रेस नेताओं ने घेराव किया। थाने का घेराव करने कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, उधो राम वर्मा, प्रमोद दुबे, ज्ञानेश शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, श्रीकुमार मेनन, सन्नी अग्रवाल सहित अन्य कांग्रेसी शामिल हुए।

# जिलों में राज्योत्सव 5 को, रायपुर में मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सांसद, मंत्री, विधायक भी होंगे मुख्य अतिथि

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस क्रम में रायपुर जिले में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपस्थित रहेंगे। जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में केंद्रीय मंत्री, सासंद, राज्य सरकार के मंत्री, विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

***तोखन मनेंद्रगढ़, साव बिलासपुर में :*** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, बिलासपुर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, बस्तर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजनांदगांव से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सरगुजा में मंत्री रामविचार नेताम, महासमुंद में मंत्री दयालदास बघेल, दुर्ग में मंत्री केदार कश्यप, कोरबा में मंत्री लखन लाल देवांगन, बलौदाबाजार-भाटापारा में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

***जांजगीर में ओपी, गरियाबंद में बृजमोहन :*** इसी प्रकार जांजगीर-चांपा जिले के कार्यक्रम में मंत्री ओपी चौधरी, बलरामपुर-रामानुजगंज में मंत्री लक्ष्मी राजवाडे, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में मंत्री टंकराम राम वर्मा, गरियाबंद में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, बालोद में सांसद विजय बघेल, खैरागढ़-गंडई-छुईखदान में सांसद संतोष पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



### जशपुर में चिंतामणी बेमेतरा में रूपकुमारी

जशपुर जिले के कार्यक्रम में सांसद चिंतामणी महाराज, बेमेतरा में सांसद रूप कुमारी चौधरी, रायगढ़ में सांसद राधेश्याम राठिया, सक्ति में सांसद कमलेश जांगडे, दंतेवाड़ा में सांसद महेश कश्यप, कांकेर में सांसद भोजराज नाग, नारायणपुर में सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुंगली में विधायक पुन्नु लाल मोहले, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में विधायक धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि होंगे।

### कबीरधाम में अमर धमतरी में अजय

इसी प्रकार कबीरधाम में विधायक अमर अग्रवाल, धमतरी में विधायक अजय चन्द्राकर, कोरिया में विधायक रेणुका सिंह, सूरजपुर में विधायक भैया लाल राजवाडे, कोण्डागांव में विधायक लता उसेंडी, बीजापुर में विधायक विक्रम उसेंडी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में विधायक राजेश मूणत तथा सुकमा जिले में विधायक किरण देव राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# दक्षिण उप चुनाव के मैदान पर 30 प्रत्याशी, चार ने नाम वापस लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण उपचुनाव में नाम वापसी के बाद अब 30 प्रत्याशी चुनाव मैदान पर हैं। कुल 46 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ने नामांकन दाखिल किया था। इनमें से 12 प्रत्याशियों का नामांकन जांच के दौरान निरस्त कर दिया गया था।

4 अन्य प्रत्याशियों ने नाम वापसी के दिन अपना नामांकन वापस ले लिया। जिन प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया है, उनमें जुगराज जगत, रवि भोई, महेंद्र कुमार बाघ और हैदर भाटी का नाम शामिल है। प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होने के बाद जिला निर्वाचन आयोग ने प्रतीक चिन्ह आवंटन की कार्रवाई कर दी है। नामांकन दाखिले के बाद अधिकृत प्रत्याशियों पर पर्यवेक्षकों की पूरी नजर होगी। उनके द्वारा प्रचार के दौरान किए जाने वाले व्यय और अन्य की जानकारी उन्हें तीन चरणों में देनी होगी। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब सभी प्रत्याशियों को चुनाव आचार संहिता के दायरे में रहकर चुनाव प्रचार करना होगा। 13 नवंबर को उपचुनाव की एक सीट के लिए मतदान होगा।

### टाउनहॉल में रहेगा मतदाता सुविधा केन्द्र

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के परिप्रेक्ष्य में टाउनहाल कलेक्टोरेट परिसर में मतदाता सुविधा केन्द्र बनाया गया है। इसमें निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने की सुविधा रहेगी। यह 10, 11, 12 नवंबर को संचालित रहेगा, जिसका समय प्रातः 10 से शाम 5 बजे रहेगा। इसके प्रभारी अधिकारी एओ लॉरी, रामनारायण वर्मा, अजय कुमार लहरी होंगे।


### 13 से 20 नवंबर तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध

भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 13 से 20 नवम्बर तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उपचुनाव के लिए 13 को प्रातः सात बजे से 20 नवम्बर की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में उसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार या प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा।

बांधवगढ़ में पांच वर्ष पूर्व पहुंचे सात हाथियों की विषैला चारा चरने से मौत

# दो क्षेत्रों में काल के ग्रास बने 10 गजराज घरघोड़ा में श्रद्धांजलि देने जुटा हाथी परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



इंसानी संवेदना की तरह हाथियों में भी संवेदना पाई जाती है, इसका उदाहरण घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के चुहकीमार नर्सरी में करंट से तीन हाथी शावकों की मौत के बाद देखने को मिला। करंट से मरे हाथियों को जहां दफनाया गया था, उस जगह पर हाथी परिवार श्रद्धांजलि देने पहुंचा था। इसकी पुष्टि रायगढ़ डीएफओ स्टाइलो मंडावी ने भी की है। श्रद्धांजलि देने का वीडियो ड्रोन कैमरे से बनाया गया है। मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जिन सात हाथियों की मौत हुई थी, वो हाथी पांच वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ से बांधवगढ़ पहुंचे थे।

गौरतलब है कि पांच दिन पूर्व 12 साल की एलू मदर हाथी सहित तीन मादा हाथी की करंट से मौत हुई थी। मरने वाले हाथियों की उम्र ढाई से 12 वर्ष के बीच की है। इस लिहाज से मरने वाले सभी हाथी शावक थे। हाथी परिवार में अपने शावकों से विशेष प्रेम रहता है। हाथी परिवार में आपसी सामंजस्य के साथ सहभागिता के गुण पाए जाते हैं। परिवार के किसी सदस्य से बिछड़ने पर हाथी परिवार व्यथित होने के साथ शोक मनाता है।




# रजिस्ट्री में बूम, एक दिन में चार करोड़ 76 लाख से अधिक की हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली में इस बार बूम रजिस्ट्री हो रही है। त्योहार में प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री बढ़ने के कारण दीपावली के एक दिन पूर्व पंजीयन कार्यालय में 307 रजिस्ट्री हुई है, जिससे 4 करोड़ 76 लाख रुपए से अधिक की आय हुई है। इससे पूर्व धनतेरस के दिन भी 3 सौ से अधिक रजिस्ट्री हुई है। इस तरह दो दिन में करीब 9 करोड़ रुपए की रजिस्ट्री हुई है। त्योहार के कारण पंजीयन कार्यालय में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने वालों की भारी भीड़ देखी जा रही है। पंजीयन कार्यालय में सुबह 10 बजे से ही रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगना शुरू हो गई थी, जो शाम तक रही।

पेज 9 का शेष...

### वृद्धजनों के संग

वृद्धजनों का मुंह मीठा कराया। साथ ही दीपावली के उपहार स्वरूप गिफ्ट भी भेंट किए। वृद्धजनों की खुशी का ख्याल रखते हुए उन्होंने उनकी आग्रह पर यादगार तस्वीरें भी खिंचवाईं। इस सौहार्दपूर्ण भेंट ने वृद्धजनों के बीच खुशियों का माहौल बना दिया।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


सभी कृषक भाईयों को धनतेरस, लक्ष्मीपूजा, नरक चतुर्दशी, एवं गोवर्धन पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभाकामनाएं....
किसानों का सच्ची साथी
Solis
SHAKTIMAN®
MAKING AGRICULTURE MORE ECONOMICAL®
JAPANESE TECHNOLOGY
4WD
Expert
दमदार ट्रैक्टर
पंजाब एग्रीकल्चर
मो.- 8871650004
पता-कोबिया, रायपुर रोड बेमेतरा


सभी कृषक भाईयों को धनतेरस, लक्ष्मीपूजा, नरक चतुर्दशी, एवं गोवर्धन पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभाकामनाएं....
पंजाब एग्रीकल्चर
सभी प्रकार के कृषि यंत्रों के निर्माता
किसानों का साथी
PUNJAB
रेजर, रांपा, संगरीबा नांगर, कल्टीकेटर, मताई हैरो, तोता/ पंजा नास,
ट्रैक्टर, चलित पैरा कुट्टी एवं सभी प्रकार के कृषि यंत्रों के निर्माता व विक्रेता।
मो.- 8871650004
पता-चोरभट्ठी, रायपुर रोड बेमेतरा

खबर संक्षेप



## ग्राम भरदा में गायों को खिलाई खिचड़ी, उसी में से लिया प्रसाद

**बालोद।** ग्राम भरदा में शनिवार को गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सुबह घर के पशुओं को नहला-धुलाकर उनकी पूजा-अर्चना के बाद उन्हें खिचड़ी खिलाई गई। इस दौरान कोचई व कुम्हड़ा की सब्जी तथा बड़ा-पूड़ी सहित अन्य पकवानों को मिलाकर खिचड़ी बनाई गई। खाट पर नया कपड़ा बिछाकर उसमें खिचड़ी परोसी गई। गायों के खिचड़ी खाने के दौरान ग्रामीणों ने भी उन्हें प्रणाम कर उसी में से प्रसाद के रूप में खिचड़ी खाई।

## गौरी-गौरा उत्सव पर दिखा ग्रामीणों का उत्साह



**अंडा।** ग्राम अंडा क्षेत्र सहित चिंगरी, कुथरेल, विनायकपुर ,निकुम, जंजगिरी, चंदखुरी, मटिया, ओडारसकरी ,ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा,डंगनिया,देवरीख,नाहंदा, गुरेदा, सलौनी,खप्परवाड़ा, आमटी, तिरगा, भोथली, झोला, अंजोरा, रसमडा, खपरी कला, गनियारी, बोरई, नगपुरा सहित आस पास के गांवों कई पीढ़ियों से गौरा-गौरी पर्व मनाते आ रहे हैं । यह पूरे समुदाय में भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। गांव के बैगा शालिक राम निर्मलकर एवं गांव की बैगीन कामता निर्मलकर, मीना वाघमारे, सोनकुंवर पटेल, सीता साहू, गीता ठाकुर,प्रमिला पटेल ,जानकी पटेल, संतोष यादव,खिलेन्द्र सारथी, अमीत निर्मलकर, टिकेन्द्र पटेल ,जालम ठाकुर ने कहा कि गौरा-गौरी पर्व मनाए जाने से पर्व की खुशी दोगुनी हो जाती है।

## गौरा-गौरी की पूजा कर लिया आशीर्वाद



**डौण्डीलोहारा।** नगर सहित समूचे अंचल में शुक्रवार को गौरा गौरी जगाने तथा पूजा अर्चना का कार्यक्रम जारी रहा। इसी तारतम्य में समीप के ग्राम कामता में रात्रि 10 बजे बैगा दिनेश तारम ने गौरा गौरी निर्माण के लिए गाँव के शरहद में पूजा अर्चना कर पवित्र मिट्टी को बाजे गाजे के साथ नये कपड़े में लेकर आये। परम्परानुसार उसी मिट्टी से गौरा गौरी का निर्माण किया गया। उसके बाद ग्राम की महिलाओं ने दल बल सहित गौरा गौरी गीत गाते हुये प्रत्येक घरों से नये धान की बाली से सुसज्जित कलश से ससम्मान निमंत्रण दिया तथा अपने साथ शामिल करते गये। रात्रि 12 बजे तक सभी घरों से कलश यात्रा निकाल कर ग्राम प्रमुख के घर पहुँच कर गौरा गौरी देव को अविवाहित लड़कों को सिर में धारण कराया गया। पारम्परिक बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा गौरा चौरा पहुंचा जहाँ मूर्ति को स्थापित की गई। महिलाओं ने बैगा के साथ पूजा अर्चना कर गौरा गौरी गीत गाये। इस गीत से सिरहा लोग देवता चढ़ते रहे और लोगों को आशीर्वाद देते रहे। शनिवार को सुबह शोभायात्रा निकालकर गौरा-गौरी विसर्जन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने अपने घर के सामने गौरा-गौरी की पूजा अर्चना की। उसके बाद तालाब पहुंचकर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। उसके बाद गायों को खिचड़ी खिलाई गई।

## विकासखंडस्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता के लिए पंजीयन 5 से

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत, ब्लॉक स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 5 से 9 नवंबर तक पंजीयन कराना होगा। आयोजकों ने बताया कि पंजीयन बीआरसीसी भवन डौंडीलोहारा के सभा कक्ष में कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 9 वर्ष से 18 वर्ष और 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु समूह के लोग भाग ले सकते हैं। इसके अंतर्गत 100, 400 मीटर दौड़, तवा फेंक ,रस्साखींच, वालीबाल, बैडमिंटन, खो-खो, कुश्ती, फुटबॉल, भारोत्तोलन, हाकी, बास्केटबॉल की प्रतियोगिताएं होंगी।

पर्व : जिला मुख्यालय सहित अंचल में धूमधाम से मनाया गया त्योहार

# दीपावली पर दिखा परंपरा व उत्साह का संगम मां लक्ष्मी की पूजा कर मांगी सुख-समृद्धि







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में दीपावली का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने घरों और दुकानों पर आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की। हालांकि शुभ मुहूर्त को लेकर असमंजस की स्थिति देखी गयी। कहीं-कहीं गुरुवार को तो कहीं शुक्रवार को लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई । उत्सव में बच्चों और बड़ों ने जमकर पटाखे चलाए, शहर में देर तक पटाखे फोड़ने का सिलसिला चलता रहा।

दीपावली पर लोगों ने शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से दीप जलाकर लक्ष्मी जी की पूजा-अर्चना की। इसके लिए लोगों ने पहले से तैयारी कर ली गई थी। घर के मुख्य दरवाजे तोरण, झालर और दीपों से सजाए गए थे। घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में शुभ मुहूर्त में लक्ष्मी पूजन की।

दीपावली पर सभी मकानों, प्रतिष्ठानों और दुकानों में रंग-बिरंगी लाइट और झालरें चमक रही थीं।बाजार में लोगों ने खूब खरीदारी की। त्योहार पर महंगाई का असर कम देखने को मिला, लोगों ने जमकर खरीदारी की। बाजारों में पर्व को लेकर भारी भीड़ रही। ज्यादा भीड़ होने के कारण जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि पुलिस भी पर्व को लेकर सतर्क नजर आई। पर्व को लेकर मेन बाजार, सराफा बाजार आदि में भारी भीड़ देखने को मिली। इसके साथ-साथ लोगों में उत्साह सा दिखाई दिया।

**देर रात तक हुई आतिशबाजी-** दीपावली की खुशियां मनाने के लिए लोगों ने जमकर पटाखे फोड़े। बच्चे जहां दिनभर पटाखे चलाते रहे तो वही शाम होते ही जगह-जगह पटाखों की आवाजें गूंजने लगीं। बच्चों ने फुलझड़ियां, तारे और पेंसिल जलाएं, वहीं बड़ों ने देर रात तक तेज आवाज वाले पटाखे फोड़े।

**गौरा गौरी की रही धूम, शोभायात्रा निकालकर किया गया विसर्जन-** जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गौरा गौरी की धूम रही। गौरा गौरी की विधिवत पूजा अर्चना की गई। वहीं, गड़वा बाजा की धुन पर बारात निकाली गई। इस दौरान स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना व मनोकामना पूर्ण करने सोंटा हाथों में खाए। अल सुबह महिलाओं व पुरुषों की मौजूदगी में परंपरागत तौर पर विसर्जन की परंपरा निभाई गई।

## आधुनिकता व विकास के साथ संस्कृति का संरक्षण आवश्यक : विकास दीवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

■ नवागढ़ में पारंपरिक बाजे-गाजे के साथ निकली गौरा-गौरी की बारात

गुरुवार को दीपावली की रात नवागढ़ में परंपरानुसार गौरी-गौरा विवाह का पर्व मनाया गया। इस मौके पर मिट्टी के बने गौरी-गौरा, जिन्हें शिव-पार्वती का प्रतीक माना जाता है और उन्हें स्थापित कर उनकी पूजा-अर्चना की गई। लोक गीतों और नृत्य के बीच उनका विवाह कराया गया। नवागढ़ नगर के सुकुल पारा, शंकर नगर, बावली पारा एवं दर्री पारा में लोगों ने धूमधाम से गौरा-गौरी की बारात (शोभायात्रा) निकाली। पारंपरिक गड़वा बाजे-गाजे की धुन पर युवा थिरकते रहे। शोभायात्रा के दौरा1 कई लोगों ने



सड़क पर लेटकर आस्था प्रकट किया। शोभायात्रा निकालने के बाद लोगों ने मानाबन तालाब में गौरी गौरा की प्रतिमा विसर्जन करने पहुंचते रहे।

इसी बीच नगर के समस्त जगह विराजे गौरी गौरा का सुबह नगर प्रधान विकास दीवान ने पूजन कर नगर की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि आधुनिकता एवं विकास के साथ ही यह आवश्यक है कि हम अपनी मूल संस्कृति से जुड़े रहें, जिसके लिए नवागढ़ नगरवासियों का प्रयास सराहनीय हैं। हरेली, सुवा, गौरी-गौरा, मड़ई आदि पारंपरिक त्योहार नगर की पुरानी संस्कृति को संजोए हुए है।दीवान ने सभी शहर वासियों को दीपावली, गोवर्धन एवं गौरा गौरी पूजा की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान पूर्व नप अध्यक्ष तिलक घोष व गिरेन्द्र महिलांग, मण्डल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, महामंत्री मिंटू बिसेन, सुरेश निषाद, दानिराम जायसवाल, जुगरु साहू, धनीराम निर्मलकर, आशाराम ध्रुव, रमेश निषाद, अजय सिंहा, मनीष श्रीवास, अशोक निषाद, संजू निषाद, शिव सोनकर, मिथलेश पुरबिया, चिंता ध्रुव, परदेशी ध्रुव, सुखराम निषाद, दुर्गेश शर्मा सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

## दीपावली दीपों की रोशनी का त्यौहार है : ब्रह्माकुमारीज

**बेमेतरा।** ब्रह्माकुमारीज में दीपावली धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहर के नागरिक रामा मोटवानी, डॉक्टर आशीष दानी, राजेन्द्र बिंदल, भरत साहू, झामिन साहू एवं ब्रह्माकुमारी शशि दीदी सहित अतिथियों ने मिलकर दीप प्रज्वलित कर दीपावली महोत्सव का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुति सागर मंथन का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए नृत्य और नाटक आकर्षण का केंद्र बना रहा। दीपावली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए बेमेतरा सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी शशि बहन ने बताया कि दीपावली जगमगाते हुए



दीपों की रोशनी का त्यौहार है। इस पर्व के हर एक रीति रिवाज के पीछे के आध्यात्मिक रहस्य को गहराई से जानें तथा अपने जीवन को एक नई सोच और नई दिशा दें। इस नए साल पर नए युग के आगमन का शुभारंभ करें, अपने यथार्थ अस्तित्व को जानकर परमपिता परमात्मा से जुड़कर अपना आत्मा रुपी दिया जगाएं और हर एक को स्नेह भरी शुभकामनाओं और शुभभावनाओं रूपी अमूल्य गिफ्ट दें। इस दीपावली स्वास्तिक बनाते हुए उसकी चार भुजाओं के द्वारा इस धरा के चार युगों को जानें। साथ ही दीपावली पर स्वादिष्ट दिलखुश मिठाई की मिठास स्वयं भी चखें और औरों में भी बांटे। भाईदूज के तिलक के महत्व को जानकर सदा ही अपनी आत्मिक स्मृति का तिलक हर दिन अपने मस्तक पर सजाएं। इसके साथ आप दीपावली पर हर साल नई चीजों की खरीदारी करते आए हैं। इस बार उन चीजों के साथ - साथ नए संस्कार भी अपने जीवन में धारण कर नवीनता लाएं जिससे आपके मन में और जीवन में खुशहाली छा जाए। और अंततः यह सब अपने जीवन में धारण करने से आप अपने जीवन के सभी बही खातों को सही तरीके से सेटल कर पाएंगे।

## कलंगपुर में पारंपरिक रूप से मनाया गया गौरा-गौरी उत्सव

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम कलंगपुर में शनिवार सुबह आदिवासी गोंड़ समाज द्वारा गौरा-गौरी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पारम्परिक गड़वा बाजा और गीतों के साथ शोभायात्रा निकालकर गांव की गलियों का भ्रमण किया गया। इस दौरान गांव की महिलाओं ने गौरा-गौरी की पूजा-अर्चना कर श्रीफल भेंट किया। उसके बाद गांव के शीतला तालाब पहुंचकर गौरा-गौरी का विसर्जन किया गया।



## गोवर्धन पूजा कर गायों को खिलाई खिचड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में गोवर्धन पूजा शनिवार को पूरे अंचल में पारंपरिक रूप में मनाया गया। इस दौरान ग्रामीणों व यादव समाज के लोगों ने गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर पूजा अर्चना की और गायों से गोवर्धन खुंदवाया। गांव की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए गायों को खिचड़ी खिलाई। बता दें कि भगवान कृष्ण से जुड़ी कथा प्रचलित है कि भगवान कृष्ण ने लोगों से कहा था कि वो भगवान इंद्र का पूजन करने की जगह गोवर्धन पर्वत का पूजन करें। ये बात जब इंद्र के दरबार तक पहुंची तो वो गुस्से से आग बबूला हो गए और वृंदावन पर बारिश की शुरुआत कर दी जो धीरे धीरे भयानक होती चली गई तब भगवान कृष्ण ने अपने गांव के लोगों को बचाने के लिए पूरा गोवर्धन पर्वत अपनी छोटी उंगली पर उठा लिया। उसी पर्वत के नीचे गांव के सारे लोग और पशुओं ने शरण ली थी। तब से उसकी आज तक अपने रक्षक समझकर गोवर्धन पर्वत की पूजा की जाती है।

## बोहारडीह में दीपावली पर हुई नृत्य प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दीपावली पर्व जिले में धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में बेमेतरा विधानसभा के ग्राम बोहारडीह में दीपावली महोत्सव व शिवम् नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। योगेश तिवारी ने दीप जलाकर और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ



किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने इस तरह के आयोजनों को ग्रामीण संस्कृति और एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि त्योहार हमारी परंपराओं और समाज को जोड़ने का एक माध्यम हैं और इस प्रकार के आयोजनों से युवा पीढ़ी में भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि जाग्रत होती है। कार्यक्रम में मानसिंह वर्मा सोनु साहू उमेश परगनिहा, रितेश साहू, अश्वनी निषाद, कमल बघेल, विकास निषाद, अनीश निषाद, मनोज निषाद, रमेश परगनिहा, यमन निषाद, दुर्गेश निषाद, कासी निषाद, यशवंत यादव, मिथलेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

## सुआ नृत्य करने विधायक दीपेश के निवास पहुंचीं क्षेत्र की दीदियां

**बेमेतरा।** दीपावली के अवसर पर बेमेतरा मुख्यालय में स्थित विधायक निवास में नगर एवं विधानसभा क्षेत्र की महिलाएं सुवा नृत्य करने पहुंचीं। अपने निवास में पहुंचीं दीदियों का विधायक दीपेश साहू ने स्वागत सत्कार किया। इस दौरान मान सम्मान पाकर सुवा सुवा नृत्य करने वाली दीदियां प्रसन्न नजर आईं। विधायक साहू ने गांव की परंपरा के अनुसार मेहमान के रूप में दीदियों को उपहार भेंटकर अपने दायित्व का निर्वहन किया। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि सुआ नृत्य न केवल स्थानीय संस्कृति को जीवित रख रहा है, बल्कि सामुदायिक भावना को भी प्रोत्साहित कर रहा है। साहू ने कहा है कि यह परंपरा आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे उनकी संस्कृति संरक्षित रहेगी। साथ ही साहू ने सभी सुवा नृत्य करने वाली दीदियों का हाल चाल जाना और सभी परिस्थितियों मे हर संभव मदद का आश्वासन दिया ।

विधायक ने कहा- हम ने बनाया हम ही संवारेंगे

## विधायक से मिला निर्वाणी दंपति, राज्य स्थापना दिवस की दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वर्ष 2000 में भारतीय जनता पार्टी के अटल बिहारी बाजपेयी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ीयों की सालों बहुप्रतीक्षित माँग को पूरा कर दिया। उस साल के 1 नवम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य अस्तित्व में आया और तब से लेकर अब तक छत्तीसगढ़ राज्य विकास के नये कीर्तिमान गढ़ रहा है। अपने खनिज रत्न हीरा बाक्साइड के भंडारों, धान, तेंदूपत्ता और वनोपज,कोयला ,लोहा के साथ साथ श्रम कौशल से समृद्ध राज्य ने देश के अन्य राज्यो से विकास की होड़ करते हुए अपना विशिष्ट स्थान बनाया है, कला, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व उपलब्धियों को हासिल किया है। राज्य निर्माण



की वर्षगाँठ के अवसर पर अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी व जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने विधायक दीपेश साहू से भेंट कर शुभकामनाएं दीं।विधायक दीपेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण भारतीय जनता पार्टी ने किया है और शीर्ष नेतृत्व का यह नारा हमने बनाया है हम ही संवारेंगे। ये राज्य के प्रति हमारे दल भाजपा के भावुक लगाव और भावनाओं का प्रगटीकरण है। सबका साथ और सबका विकास के ध्येय वाक्य के साथ नरेन्द्र मोदी और विष्णुदेव साय की डबल इंजन के सरकार में राज्य का विकास चौगुना हो रहा है, छत्तीसगढ़ी महासभा संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सरल रहवासी, राज्य निर्माण के लिए कृतज्ञ भाव रखती है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ परमेश्वर साहू ने मिठाई खिलाकर विधायक कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्ताओं को राज्यगठन के वर्षगाँठ की बधाई दी।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411